मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

संपादक : छोटेलाल शर्मा

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2020-2022 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY

वर्ष - 10 ■ अंक - 05 ■ मुंबई, सोमवार, दिनांक 17 अक्टूबर से 23 अक्टूबर 2022 ■ पृष्ठ : 4 ■ कीमत : 3 /- रुपये




# एकता को सुप्रीम कोर्ट से फटकार

**नई दिल्ली**, कोरोना काल में लॉकडाउन के दौरान मनोरंजन का बड़ा जरिया साबित हुए ओटीटी (ओवरझ्रदझ्र टॉप) प्लेटफॉर्म निरंकुश अश्लीलता के कारण हमेशा विवादों में रहते हैं। ओटीटी के लगभग सभी प्लेटफॉर्मों पर हिंसा और अश्लीलता की भरमार को खासकर युवा पीढ़ी पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। यह बात अब सुप्रीम कोर्ट ने भी स्वीकार कर ली है। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपनी विवादित वेब सीरीज '' में आपत्तिजनक सामग्री के कारण एकता को सुप्रीम कोर्ट से 'सर्वोच्च' फटकार खानी पड़ी है। आपत्तिजनक सामग्री दिखाने के मामले में अब सुप्रीम कोर्ट ने एकता कपूर को फटकार लगाते हुए कहा कि आप युवाओं का दिमाग दूषित कर रही हैं। लोगों के अपनी फिल्मों एवं धारावाहिकों में बोल्ड एवं विवादित विषयों को बिंदास उठाकर लोकप्रियता बटोरने का प्रयास फिल्म निमार्ता एकता कपूर को महंगा पड़ गया है।



बता दें कि एकता कपूर और उनकी मां शोभा कपूर पिछले काफी समय से लगातार चर्चा में हैं। उनकी ऑल्ट बालाजी पर प्रसारित हुई वेब सीरीज ''सीजन २'' को लेकर लंबे समय से कोर्ट में मामला चल रहा है। ''वेब सीरीज से नाराज आर्मी के परिवार वालों ने एकता कपूर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। इस मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद एकता कपूर ने वारंट को चैलेंज करते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी, जिस पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने एकता कपूर को कड़ी फटकार लगाई है।

गौरतलब हो कि वर्ष २०२० में पूर्व सैनिक शंभू कुमार की शिकायत पर बेगूसराय की ट्रायल कोर्ट ने एकता कपूर और उनकी मां शोभा कपूर के खिलाफ वारंट जारी किया था। उनका कहना था कि एकता कपूर ने ऑल्ट बालाजी की '' वेब सीरीज के दूसरे सीजन में एक सैनिक की पत्नी के साथ आपत्तिजनक दृश्य दिखाए गए थे।

इतना ही नहीं पूर्व सैनिक ने अपनी इस याचिका में फिल्म मेकर पर ये भी आरोप लगाया था कि उन्होंने इस सीरीज के कंटेंट के जरिए कथित रूप से सैनिकों और उनके परिवार की भावनाओं को आहत किया है। इसी मामले में एकता कपूर द्वारा याचिका पर कोर्ट सुनवाई कर रहा था।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा,' ये कोर्ट उनके लिए नहीं है जिनकी अपनी आवाज है, बल्कि उनके लिए है जो अपने लिए आवाज नहीं उठा पाते। जिन लोगों के पास सभी व्यवस्थाएं हैं और उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है, तो जरा उनकी स्थिति के बारे में सोचिए, जिनके पास कुछ भी नहीं है। हमने ऑर्डर देख लिया है और हमारी अपनी आपत्ति है। साथ ही फिल्ममेकर को इस बात के लिए भी वॉर्न किया है कि अगर अब कोई और दलील उनके पास आती है, तो उनसे एक लागत वसूल की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि आप एक अच्छा वकील हायर कर सकती हैं, इसलिए आपसे ये लागत ली जाएगी।

# भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति की महत्वपूर्ण बैठक

**जौनपुर,** ढकवा क्षेत्र के इब्राहिमपुर में विजय प्रकाश शर्मा के आवास पर भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कि गई जिसकी अध्यक्षता श्रीप्रकाश शर्मा ने किया इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पत्रकार एकता संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा ने सभी पदाधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आज भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा जिस तरह से अपने संगठन में मेहनत कर रहे हैं। निश्चित ही एक दिन आपका संगठन पुरे भारत में एक विशाल संगठन होगा। आज जो आपकी संगठन ने सभी धर्म के गरीबों असहायों पर कार्य कर रही है। उससे वाकई में आप की संगठन तारीफें काबिल है। संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा ने बताया कि हमारी संगठन गरीब लड़कियों की शादी और समय समय पर रक्तदान शिविर जैसे कई कार्य ऐसे हैं। जो सिर्फ गरीबों असहायों पर ही आधारित होता है। इस मौके पर उपस्थित रहे, श्रीप्रकाश शर्मा,श्याम नारायण शर्मा, रमेश शर्मा, कन्हैया लाल शर्मा, सुरेश कुमार शर्मा, मनोज कुमार शर्मा,विजय प्रकाश शर्मा,विजय बहादुर शर्मा एवं संगठन के समस्त पदाधिकारी गढ़ उपस्थित रहे । जौनपुर से मंडल क्राइम ब्यूरो चीफ सुरेश कुमार शर्मा की खास रिपोर्ट



# डॉ.वी.एस. निरंजन अ. भा. कूर्मि क्षत्रिय महासभा के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष

**मुंबई,** मुंबईः-अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा का चतुर्थ राष्ट्रीय महिला महाधिवेशन का आयोजन यूनिटेक इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी,कैलहट,चुनार, मीरजापुर (उ.प्र.) पर संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम को उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने वर्चुअल कांफ्रेंस द्वारा संबोधित किया एवम महिलाओं को स्वावलंबी बनने का आव्हान किया तथा हर क्षेत्र में आगे बढने और देश, समाज, परिवार का नाम रोशन करने हेतु शुभ कामनायें प्रदान किया।

सन्माननीय अतिथी केन्द्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने फीता काटकर एवम दीप प्रज्वलित कर महाधिवेशन का शुभारंभ किया।

इस महाधिवेशन में सांसद केशरी देवी पटेल, विजय बघेल,उ.प्र.के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह,आशीष पटेल,म.प्र.के मंत्री रामखेलावन पटेल,विधायक अनुराग सिंह पटेल,डॉ आर के पटेल, रमाशंकर सिंह पटेल, प्रभात कुमार वर्मा,रमा निरंजन,कांति सिंह (पुर्व विधायक),एल.पी पटेल(राष्ट्रीय अध्यक्ष),डॉ वी एस निरंजन (राष्ट्रीय महासचिव),धीरज पाटीदार (राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष),विष्णु पाटीदार सहित सभी पदाधिकारीयों सहित देश भर के 22 राज्यों के प्रतिष्ठित प्रतिनिधी उपस्थित हुए।




महाधिवेशन की अध्यक्षता श्रीमती लता ऋषि चंद्राकर (राष्ट्रीय अध्यक्षा) एवम संचालन ममता पटेल,नमिता गौर ने किया।

एड रेखा पटेल ने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों एवम प्रतिनिधियों का स्वागत किया।अतिथियों का सत्कार मिजार्पुर इकाई की अध्यक्षा आभा सिंह एवम महिला पदाधिकारियों ने किया।

महाधिवेशन का आयोजन,संपूर्ण व्यवस्था अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा मीरजापुर एवं महिला ईकाई मिजार्पुर द्वारा किया गया।

महाधिवेशन के संयोजक हरिशंकर पटेल को विशेष रूप से इस महाधिवेशन की सफलता हेतु प्रमुख अतिथीयों द्वारा सम्मानित किया गया।

इस महाधिवेशन में मुंबई एवम महाराष्ट्र से डॉ.बाबुलाल सिंह पटेल, डॉ मंगेश देशमुख, एड अप्पा साहेब कड,डॉ दीपक सिंह, दिनेश पटेल, संजय हंडोरे पाटील, राजेन्द्र प्रसाद, चंद्रशेखर पटेल (गायक),शोभा गायकवाड, जयबाला सिंह, स्वाती सिंह,हरिराम वर्मा जीतबहादुर पटेल, चंद्रकेश पटेल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्मारिका 'जननी 4'का केन्द्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल के शुभ हस्तों लोकार्पण किया गया। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष एल.पी.पटेल ने आगामी त्रैवार्षिक सत्र की अध्यक्षता हेतु डॉ. वी.एस.निरंजन(पुर्व आई.ए.एस) का नाम प्रस्तावित किया।प्रस्ताव सर्व सम्मति से मंजूर किया गया। सभी लोगों ने निवर्तमान अध्यक्ष एल पी पटेल द्वारा देश भर के कूर्मियों,विशेषकर दक्षिण भारत के कूर्म वंचितों को महासभा से जोडने की भरपूर प्रशंसा की। महाधिवेशन को सफल बनाने में लाल बहादुर सिंह, मेजर कृपाशंकर सिंह, त्रिलोक नाथ सिंह, आभा सिंह पटेल, निराशा पटेल, सत्यमुर्ति पटेल, का अथक प्रयास रहा।



# आरक्षण बचाओ मंच मुजफ्फरपुर बिहार द्वारा नुक्कड़ सभा कर जागरूकता रैली का आयोजन

**मुजफ्फरपुर, बिहार**

दिनांक 15 /10/2022 को मुजफ्फरपुर शहर के विभिन्न चौक चौराहे पर नुक्कड़ सभा कर जागरूकता रैली का आयोजन, आरक्षण बचाओ मंच मुजफ्फरपुर बिहार द्वारा किया गया । सभा के नेतृत्व मंच के संयोजक आनंद पटेल कर रहे थे। सभा का मुख्य उद्देश्य यह है कि केंद्र सरकार और हाईकोर्ट के मिलीभगत से पिछड़ा /अति पिछड़ा के आरक्षण पर रोक लगाते हुए बिहार में होने वाला नगर निकाय चुनाव को रोक लगा दिया गया है । इसके विरोध में 20 अक्टूबर 2022 को मुजफ्फरपुर जिला सहित पूरे बिहार को पिछड़ा/ अति पिछड़ा के लोगों द्वारा चक्का जाम कर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करेंगे।




मौके पर मुख्य रूप से जिला नाई संघ के वरिष्ठ नेता राजकुमार ठाकुर नंदवंशी ,राकेश कुमार साहू, हेम नारायण विश्वकर्मा ,नरेश साहनी, अंशु कुमार, होरिल ठाकुर ,उपेंद्र ठाकुर, धर्मेंद्र शर्मा ,डॉ उमाशंकर साहनी ,रामचंद्र सहनी ,संजय ठाकुर, नरेश शर्मा, बालक नाथ सहनी ,लक्ष्मी महतो, नंदकिशोर प्रजापति, प्रमोद दास, अनीश कुमार सहित सैकड़ों लोगों के साथ विभिन्न संगठन के लोगों ने अपना समर्थन दिया।

# अरुण दीक्षित,वडाला में सम्मानित हुए



**मुंबई-** 19 वां रामचरितमानस सम्मान समारोह एम.बी.पी.टी.मैदान, नाडकर्णी पार्क, वडाला (प) पर आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे समाजसेवियों का सम्मान किया गया। उदीयमान बिजनेस मैन एवं युवा समाजसेवी अरुण लोलारख नाथ दीक्षित (महुआ पुर,भदोही) को प्रमुख अतिथी प्रेम शुक्ला (राष्ट्रीय प्रवक्ता, भारतीय जनता पार्टी) के शुभ हस्तों बिजनेसमैन सम्मान पगड़ी पहनाकर प्रशस्तिपत्र भेंट कर किया गया।

## संपादकीय

# दिवाली से पहले निकला दिवाला!

*लगभग ढाई वर्षों की परेशानियों भरा कोरोना काल बीतने के बाद अब जनता को खुल कर उत्सव और त्योहार मनाने का मौका मिला है लेकिन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की भाजपाई सरकार की गलत नीतियों के कारण बेतहाशा बढ़ी बेरोजगारी और महंगाई लोगों को बेजार कर रही है। खासकर ऐन दिवाली से पहले बढ़ी खाद्यान्नों की कीमतें लोगों का दिवाला निकाल रही हैं।*

*बता दें कि महंगाई के कारण आम आदमी की चिंता बढ़ गई है। फल-सब्जियों से लेकर सभी प्रकार की खाद्य सामग्रियों के दाम आसमान छूने लगे हैं। आंकड़ों में बात करें तो सितंबर में महंगाई दर ०.४१ फीसदी बढ़कर ७.४१ फीसदी हो गई है। महंगाई में इजाफे की वजह से अनाज और सब्जियों की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया है। शहरी और ग्रामीण, दोनों ही इलाकों में खाद्य महंगाई दर में इजाफा देखा जा रहा है।*

*जिस तरह से इनकी कीमतें बढ़ रही हैं, ऐसा लगता है कि मोदी सरकार ने जनता को महंगाई का 'दिवाली गिफ्ट' दिया है। देश में खाद्य सामग्री के अलावा डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस के दाम में भी कमी के कोई आसार नहीं हैं। जाहिर है कि इससे किसान, व्यापारी, गृहिणियों समेत हर वर्ग के लोग परेशान हैं। लगातार बढ़ रही महंगाई से रसोई का बजट बिगड़ चुका है। घर-घर में लोग परेशान हैं और नौकरीपेशा लोगों की जेब ढीली होती जा रही है। बढ़ती कीमतों ने लोगों की रोजमर्रा की समस्याओं को और बढ़ा दिया है। इसकी सबसे ज्यादा मार समाज के कमजोर तबके पर पड़ रही है।*

*दीपावली के दौरान घर-घर मे पकवान बनाने की तैयार की जाती है, साथ ही रेडीमेड स्नेक्स के साथ-साथ बाजार में मिलनेवाली मिठाइयों में मुख्य रूप से काजू, बादाम, पिस्ता, किसमिस और खजूर का उपयोग किया जाता है। कई लोग अपने चाहने वालों को तोहफे में ड्राई प्रष्ठूट देते हैं। लेकिन खाद्य तेल और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण इस साल दीपावली में सूखे मेवों की कीमतों पर असर पड़ा है। इसलिए इस साल ड्राई प्रष्ठूट्स खरीदते समय ग्राहकों की जेब पर असर पड़ने वाला है। सूखे मेवों में बादाम और काजू पहले ही आम जनता की पहुंच से दूर रहे हैं, उस पर अब किसमिस, पिस्ता और खजूर के दाम भी बढ़ गए हैं। पिस्ता और खजूर के दाम में प्रति किलो पर १०० रुपए की बढ़ोत्तरी हुई हैं जबकि किसमिस के दाम में १०-२० रुपए का इजाफा हुआ है। पिस्ता पहले ९५० रुपए से १००० रुपये था लेकिन अब यह १००० से ११०० रुपये में मिल रहा है, जबकि खजूर जो १५०-२५० रुपये में मिल रहा था अब २५०-३५० रुपए में बिक रहा है ।*

# समारोह पुर्वक मनाया गया डॉ.सचिन सिंह का जन्म दिवस

**मुंबई-** महाराष्ट्र कांग्रेस उत्तर भारतीय सेल के महासचिव डॉ. सचिन सिंह (अध्यक्ष युवा ब्रिगेड एसोसिएशन)के जन्म दिवस पर समारोह का आयोजन भानबाई निवास, मुलुंड प.पर एवम कादम्बरी क्लीनिक, भांडुप पर किया गया।



इस अवसर पर राकेश शेट्टी (प्रवक्ता महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस), अब्राहम राय मणि( अध्यक्ष ई.मुंबई जिला कांग्रेस), बिपीन विचारे (महासचिव मुंबई कांग्रेस), समाजसेवी बीरेन्द्र पाठक, डॉ. आर.एम.पाल, चंद्रवीर यादव,कवि विनय शर्मा ह्यदीपह्य,मैथ्यु चेरियन,नरेंद्र ठक्कर,सुरेंद्र मिश्रा,कांग्रेस नेता मंगला शुक्ला, रईस खान, शरीफ खान, रामु जैसवाल, राकेश राघवन, भगवान किशोर तिवारी, हरीश गुप्ता, अजय पटेल, संदीप मांजरेकर, अनिल यादव, धनेन्द्र कुशवाहा,प्रेम यादव, मनोज पांडे,युवा कांग्रेस नेता मोहित सिंह, नितेश सिंह, अविनाश पाठक, दयाशंकर पाल, विजय ठक्कर,राकेश मिश्रा,अमित जायसवाल,मनोज सिंह ने शाल,भेंट वस्तु एवम पुष्प गुच्छ देकर,केक काटकर शुभकामनायें प्रदान किया।

अपने जन्म दिवस पर कादम्बरी क्लीनिक,भांडुप पर डॉ. सचिन सिंह ने 124 मरीजों को मुफ्त इलाज प्रदान किया।

**माननीय नरेंद्र मोदी जी**
**प्रधानमंत्री जी, भारत सरकार**

**माननीय गृह मंत्री**
**अमित शाह जी , भारत सरकार**

**माननीय रेल मंत्री**
**भारत सरकार**

**विषय - वरिष्ठ नागरिकों को रेलभाड़े में रियायत**
(Railway Concession) **देने हेतु निवेदन पत्र**

महोदय ,

हम इस पत्र के माध्यम से आपसे प्रार्थना कर रहें है कि वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे यात्रा में रियायत दी जाए , जो की कोरोना संक्रमण काल के पूर्व से उपलब्ध थी ।

इससे देश में लगभग वरिष्ठ नागरिकों की संख्या 13 करोड़ के आस पास है ,इनमें से मात्र चार करोड़ लोग ही स्वास्थ्य दृष्टी से यात्रा करने में समर्थ है ।बाकी लगभग नौ करोड़ लोग यात्रा करने में असमर्थ हैं।

पूरे विश्व में वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान की दृष्टि से एवं बहुत सारी सुविधाएँ सुख पूर्वक जीवन बिताने के लिए ,

रियायतें उपलब्ध कराई जाती है ।

माननीय मोदी जी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार ,जो कि गुरु ज्ञानी- विज्ञानी ,साधु संतों व वरिष्ठों का सम्मान करने वाली संवेदनशील सरकार है उस सरकार द्वारा कोरोना संक्रमण से वरिष्ठ नागरिकों नागरिकों की रेल यात्रा रियायत बंद करना दुर्भाग्यपूर्ण है ।शायद लालफीताशाही सरकारी अफसरों द्वारा मंत्रालय के वरिष्ठों व मंत्रियों को नफा नुकसान का गणित बताकर गुमराह किया गया है एवं वरिष्ठों को रियायत से वंचित किया गया है ।

130 करोड़ आबादी वाले भारत देश की जनता की नब्ज पहचानने में माहिर मोदीजी एवं अमित शाह जी वरिष्ठों का मान सम्मान कर पुनः रियायत प्रदान करने का आदेश पारित करें।

धन्यवाद



**डॉ.हरीश बी.सिंह**
**आयुर्वेद विशेषज्ञ**
**मुलुंड, मुंबई**



**सविता समाज संस्था मुंबई कार्यकारिणी की मीटिंग अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा, उपाध्यक्ष रामकुमार वर्मा महामंत्री रविंद्र नाथ शर्मा कोषा अध्यक्ष दिनेश श्रीवास सलाहकार सुरेंद्र सविता, एड. बी.एम. शर्मा, त्रिभुवन शर्मा उपस्थित में चर्चा हुई दीपावली स्नेहा सम्मेलन से संबंधित संगठन मंत्री वकील साहब आर आर शर्मा जी के निवास मीरा रोड पर संपन्न हुई। इस अवसर पर दीपावली स्नेह सम्मेलन दिनांक १२ नवंबर २०२२ को आयोजित करने का निर्णय किया गया।**


## कदम कदम पर
## कैलेण्डर 2023



## विज्ञापन दर

| | |
|---|---|
| विजिटिंग कार्ड साईज | : प्रति माह 2000/- |
| विजिटिंग कार्ड साईज | :12 माह 20000/- |
| डबल वि. कार्ड साईज | : प्रति माह 3000/- |
| विजिटिंग कार्ड साईज | : 12 माह 30000/- |

कैलेंडर हेतु विज्ञापन की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2022



संपादक - छोटेलाल शर्मा
मो.:09819862172
प्रबंध संपादक - अनिल शर्मा
मो.:09833329721
नोट :चेक, डीडी. 'कदम कदम पर' के नाम से जारी करें.
Email : kadamkadampar1@gmail.com
A/c Name : Kadam Kadam Par
Branch : Kanjurmarg (East), Mumbai - 78.
Bank of Maharashtra Kanjur Marg (W)
A/c No. : 60342646436
IFC Code : MAHB0000397


# बुजुर्ग डॉक्टर से धोखाधड़ी कर अस्पताल पर कर लिया कब्जा, चार पर केस

**ठाणे,** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 79 साल के एक डॉक्टर के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। चार लोगों ने बुजुर्ग डॉक्टर से धोखा करते हुए उनके अस्पताल पर कब्जा कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। डॉक्टर ने शुक्रवार को ठाणे के कालवा पुलिस थाने से इस मामले में शिकायत की थी।एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ आपराधिक विश्वासघात करने पर भादंवि की धारा 406, धोखाधड़ी के आरोप में धारा 420 व अन्य संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है।

शिकायतकर्ता डॉक्टर ने चिकित्सा अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त वर्ष 2002 में कालवा में अस्पताल बनाया था।यह मार्च 2022 तक चलता रहा, इसके बाद उन्होंने इसे किराए पर देने का फैसला किया।इसे लेकर उनसे एक मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव ने संपर्क किया, जो उनके अस्पताल पर आया करता था। उसने डॉक्टर को झांसा दिया कि वे अच्छा पैसा कमा सकते हैं, यदि वे अस्पताल परिसर में एक दवा दुकान डाल दें।इसके साथ ही उसने अस्पताल चलाने का प्रस्ताव दिया।

दोनों पक्ष अनुबंध करते इसके पूर्व ही उक्त एमआर ने तीन अन्य आरोपियों के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेजों के जरिए अस्पताल पर कब्जा कर लिया और अवैध ढंग से उसका संचालन शुरू कर दिया। आरोपियों ने पूर्व में किए गए वादे के अनुसार 13.50 लाख रुपये भी अदा नहीं किए। आरोपियों ने नगर परिषद और सरकार के टैक्स भी अदा नहीं किए। पुलिस ने बताया कि मामले में अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।जांच जारी है।

# सुरेरी ग्रामसभा में मनाया गया युग उपाध्याय का जन्मोउत्सव

**जौनपुर .** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के सुरेरी ग्रामसभा में रामचरित मानस का अखंड पाठ का आयोजन श्री शीतला प्रसाद उपाध्याय जी के घर पर आयोजित किया गया इस मौके पर उनके पौत्र. युग उपाध्याय .का प्रथम जन्मोउत्सव का भी आयोजन किया और अखंड पाठ एवं जन्मदिन के मौके पर आये तमाम लोगो के लिए प्रसाद के रूप में भंडारे का भी अयोजन किया गया था इस मौके पर युग के पिता श्री सुरेन्द्र कुमार उपाध्याय और उनके युग के चाचा श्री सतेंद्र कुमार उपाध्याय जी बड़े पापा संतोष और उनकी धर्मपत्नी सोनी .फुआ फूफा - प्रीति रंजीत उपाध्याय .बिन्दा जय प्रकाश .चंदा ज्ञानेन्द्र .नाना .नानी .विजय शंकर और इंदु .चाचा .चाची .सतेंद्रऔर नैंसी. मामा.नितेश





और मौशि.भोलू.भाई .बहन . हर्षित, ऋषि , इशांत, विराट यश ,इशानी आरवी और समस्त ग्रामवशियो ने युग को हार्दिक शुभ कामनाएं देकर उज्वल भविष्य की ईश्वर से कामना किये

# श्री मानव कल्याण सामजिक संस्था ऑफिस का उद्घाटन

**भयंदर,** महाराष्ट् की पावन धरती पर इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में लोगो की मदद करना कितने सौभाग्य की बात है यही देखने को







मिला भयंदर में श्री मानव कल्याण सामाजिक संस्था के मंच पर जहा पर न जाने कहा कहा से कितने असहाय मजबूर लोग अपने जीवन यापन के लिए संस्था में अर्जी दी तो श्री मानव कल्याण सामजिक संस्था ने भी उन्हें नाराज नहीं किया और उनको हर संभव मदद के लिए आगे आई और हर परिवार को तुरंत एक एक महीने का पूरा राशन मुहैया कराया और आज के दिन इस संस्था का भयंदर के केविन रोड़ पर एक ऑफिस का उद्घाटन भी किया जिससे लोगो को संस्था में किसी प्रकार की अर्जी देने में तकलीफ न हो इस संस्था के राष्ट्रिय अध्यक्ष श्री राज कुमार शुक्ला जी ने कहा हमारी संस्था किसी सौ. पांच सौ. या हजार नहीं मांगती हमारी संस्था केवल और केवल हर रोज मात्रा एक रुपए मांगती है जिससे गरीब कमजोर असहाय लोगो की मदद की जा सके और कहा की आपका एक एक रुपया हम और हमारी संस्था कभी भी नजायज खर्च नहीं करेगी आपका आपकी हर एक सहयोग निसहाय लोगो तक पहुचेगी संस्था में विशेष सहयोग रहा वरिष्ठ समाजसेवी श्री एम.एल. सोनी जी का हौशिला प्रसाद गुप्ता जी. शिवपूजन ओझा जी .हनुमान भट्ट जी .चौधरी इलेक्ट्रिक .नरपत पुरोहित.गोविन्द मालवीय. रमेश सोलंकी, जयंतीलाल सोलंकी, हीरालाल चौधरी, कृष्णा सुथार, हरीश दबे, नरेश चौधरी जी और इस उद्घाटन के मौके पर महिला कार्यकर्ता भी रही मैजूद राधा राजपुरोहित जी . शीला उपाध्याय, कदम ताई, सावित्री मिश्रा और पूजा शुक्ला और तमाम संस्था के कार्यकरता ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में तन मन धन से पूरी निष्ठा और ईमानदारी से मेहनत की और कर्यक्रम को सफल बनाया.

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचारपत्र

**कदम कदम पर**

RNI No.:MAHHIN/2014/55126

संरक्षक

**जे.पी.शर्मा**

संपादक

**छोटेलाल शर्मा**

मो.:०९८१९८६२१७२

प्रबंध संपादक

**अनिल शर्मा**

मो.:०९८३३३२९७२१

उप संपादक

**श्रीमती कंचन यादव**

**(फैजाबाद, यू.पी.)**

**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**

**राजन शर्मा (उप संपादक)**

**आर्थिक सलाहकार**

**सतीशचंद्र गुप्ता**

**पंकज (बबलू) यादव**

प्रतिनिधि

**अवनीश कुमार मिश्र**

**(उत्तर प्रदेश मुख्य संवाददाता)**

**सौरभ उमेशप्रताप सिंह**

**राजेश कुमार शर्मा**

साज सज्जा :

**संतोष तिवारी**

(९७६८३६२०९१)

कानूनी सलाहकार

**एड. बी. एम. शर्मा**

**एड. आर. आर. शर्मा**

**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**

(मो.: ९४५२७९१५७०)

(न्याय क्षेत्र मुंबई)

सभी पद अवैतनिक हैं।

वाट्स एप नं. : ९८३३२३५०६३

Email : kadamkadampar1@gmail.com

पत्रिका में प्रकाशित सभी आलेख और समाचार लेखकों की अपनी राय है। इससे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## गंगा नदी में मिला तैरता हुआ अलौकिक पत्थर। देखने को उमड़ी भीड़

**सीखड,** शुक्रवार को सुबह करीब सात बजे सीखड़ गांव के सामने गंगा नदी में तैरता हुआ पत्थर देखकर सभी अचंभित रह गये। सीखड़ के हीं लालपुर निवासी बचाऊ शर्मा सुबह गंगा नदी पर पिंडदान में शामिल होने गए थे तभी उन्होंने गंगा नदी में एक तैरता हुआ पत्थर दिखाई दिया। जिसको गांव के लोगों ने नदी से निकालकर बार बार पानी में डूबोने का प्रयास किया गया परन्तु पत्थर नदी पर तैरता ही नजर आया। गांव वालों द्वारा इसको अलौकिक पत्थर मानकर नदी से निकालकर पास स्थित विष्णु भगवान के मंदिर में लाकर रख दिया गया है जिसको देखने के लिए क्षेत्र के भारी संख्या में लोग मंदिर पर पहुंच रहे हैं।

## सोसायटी पर डाई खाद नहीं उपलब्ध होने से मटर की बुवाई हो रही प्रभावित

**सीखड,** (मीरजापुर): विकासखंड के विभिन्न सोसायटी केन्द्रों पर डाई खाद करीब एक पखवाड़े से खत्म हो गया है जिससे किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाढ़ के बाद बरसात से किसान परेशान थे, अब जब खेत तैयार है और किसान मटर की बुवाई करना चाह रहे हैं तो सोसायटी केन्द्रों पर डाई खाद की उपलब्धता नहीं हो पा रही है। अगर डीएपी खाद जल्द उपलब्ध नहीं कराई गई तो पके खेतों में फिर से किसानों को सिंचाई करनी पड़ेगी और फिर एक हफ्ते बाद जब खेत तैयार होगी तब तक मटर की फसल में देरी हो जाएगी जिसका असर किसानों की आय पर पड़ेगा। क्षेत्र के किसानों ने प्रशासन से खाद उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है।

## नाव संचालन न होने से राहगीरों को हो रही परेशानी

**सीखड,** विकासखंड अंतर्गत सीखड़ गंगा जी घाट से सिंधोरा के बीच नाव संचालन बंद होने से मीरजापुर जाने वाले राहगीरों को चुनार या कछवां हो कर जाना पड़ रहा है। माह अगस्त सितम्बर महीने में गंगा नदी में पानी का जलस्तर बढ़ने पर गंगा नदी में नाव का संचालन बंद कर दिया गया था। अब जब गंगा नदी में पानी का जलस्तर कम हो गया है परन्तु प्रशासन द्वारा नाव का संचालन शुरू नहीं किए जाने से क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।लोग मीरजापुर या पंडरी मडफा जाने के लिए 20/25 किमी घुमकर जाना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों ने प्रसासन के विभागीय अधिकारियों से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द नाव का संचालन कराए।



**Aurik हॉस्पिटल औरंगाबाद के उदघाटन naagadkar डॉ गोविन्दा जी हरीशजी naagadkar का राष्ट्रीय संगठन श्री नारायणी सेना, महाराष्ट्र के orse सम्मान करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अशोक पवार, सेन समाज के जेष्ठ मार्गदर्शक संतोष जी गोला ऋषभ सोनी, सौ मिनाताई छापर वाल।।**



**16/10/2022 के दिन मुख्य अतिथि श्री भीम प्रधान, श्री सकुम लेप्चा, श्री कमल प्रधान की उपस्थिति में तकदा छावनी में नेपाली लघु फिल्म ह्लमनको कुराह्व की छायांकन शुभ मुहूर्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया जीसमे पूर्व के प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति थी। #निर्देशक दिलीप राय, लेखक बसंत शर्मा और प्रोडक्शन मैनेजमेंट टिमोथी रॉय के साथ श्यामा श्री, ट्रीस्ला मुख्य भूमिकाओं में हैं। यस पटक कथा एक फाले बेच्ने वाले की मनकी कथा पर आधारित है।**




**सातव्या वेतन आयोगाचा थकीत चौथा हप्ता दिवाळी पूर्वी मिळावा म्हणून उपजिल्हाधिकारी व तहसीलदार मार्फत मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री यांना निवेदन 13 ऑक्टोबर**




**जनपद फरुर्खाबाद की ऑल इंडिया महापदम नंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन की बैठक का आयोजन सविता गेस्ट हाउस पर किया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्री राजू नंद जी प्रदेश सचिव एवं महानगर सचिव लखनऊ श्री हरी शंकर शर्मा जी जिला अध्यक्ष फरुर्खाबाद श्री रामचंद्र जी श्रीवास्तव श्री राम सविता जी श्री गया लाल जी श्री रमेश चंद जी चमन Savita एवं उनके समस्त पदाधिकारी गण उपस्थित हुए देश में शपथ ग्रहण कराया गया और सभी को ऑल इंडिया महापदम नंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन का परिचय कराया गया और समस्त लोगों को विचारधारा से जुड़ने का कार्य करने पर बल दिया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया मैनपुरी जनपद से जिला अध्यक्ष दिनेश ठाकुर ने भाग लिया और संचालन श्रीराम सविता जी ने किया**

# बिहार प्रदेश कार्यकारिणी की अहम बैठक सह संपर्क यात्रा का आयोजन

अपने श्रम को साध्य और कर्म को आराध्य मानकर भी प्रतिदिन दैन्य दंश को झेलने बाला समाज जो कि सामाजिक ,आर्थिक , सांस्कृतिक एवम् राजनैतिक रूप से काफी पिछड़ा समाज ही नंद समाज है ।जी हां वही नंद समाज जिसके महाप्रतापी प्रथम चक्रवर्ती सम्राट महापद्मनंद थे,वही नंद समाज जिसमे पाली जैसी समृद्ध भाषा के जनक अर्हत उपाली जी जन्म लिए है ।वही नंद समाज जिसमे राजनीति के शीर्ष पुरुष जननायक कपूर्री ठाकुर जी जन्म लिए है ,पद्म श्री महान कलाकार भिखारी ठाकुर सहित संत शिरोमणि बाबा धर्मदास जी का जन्म हुआ है ।ऐसे अनेकों संतो महापुरुषों , राजाओं और राजनेताओं का जन्म हुआ है । वैसे समृद्धशाली और गौरवशाली समाज आज पूरी तरह सामाजिक सांस्कृतिक ,राजनैतिक और आर्थिक रूप से गुलाम बन चुका है ।ये बाते बिहार दौरे के क्रम में 15 अक्टूबर को

ऑल इंडिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव आदरणीय ई.अवध राज नंद ने पटना जिला अंतर्गत पंचशील नगर बाढ़ में संगठन के प्रांतीय बैठक में कही ।उन्होंने विस्तार पूर्वक संगठन मजबूती पर बल दिया ।

कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन संतो महापुरुषों महात्मा बुद्ध , अर्हत उपालि , चक्रवर्ती सम्राट महापद्मनंद ,जननायक कपूर्री ठाकुर ,लोक कलाकार पद्म श्री भिखारी ठाकुर और बाबा साहब डॉ.भीम राव अम्बेडकर जी को नमन कर किया गया । तत्पश्चात आदित्य नारायण सेन जी ने बुद्ध बंदना प्रस्तुत किया ।कार्यक्रम का विधिवत अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. के एम ठाकुर और कार्यक्रम संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक कुमार ने किया ।

3 सदस्यीय टीम में उनके साथ लखनऊ से आए संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी आदित्य



नारायण सेन एवम् जाने माने इतिहासकार भानु प्रताप सिंह जी ने नंद वंश के संपूर्ण गौरवशाली इतिहास को आयोजित मीटिंग सह कैडर क्लास में रखा ।बताते चले कि 8 दिवसीय दौरा के क्रम में संगठन के राष्ट्रीय महासचिव ई. अवध राज नंद ,आदित्य नारायण सेन एवम् एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक कुमार बिहार के विभिन्न जिलों में यथा भागलपुर ,लखीसराय , मुंगेर ,शेखपुरा सहित नालंदा के के कार्यकारिणी की बैठक संगठन के पदाधिकारियों की निजी आवास पर होगी ।इसी क्रम में दौरा कर नाई समाज के लोगो से संपर्क करेगे और संगठन के लक्ष्यों और उद्देश्यों पर प्रकाश डालेंगे । साथ ही दौरा के क्रम में नंद समाज के लोगो के वीच सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक उत्थान हेतु आपसी संवाद , विचार विमर्श, कैडर क्लास आदि आयोजित करेंगे। जिसकी पूरी तैयारी पूर्व से ही थी । अतः आप तमाम नंद वंश के लोगों से विनम्र आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में संबंधित बैठक या कार्यक्रम में अवश्य भाग ले। यह कार्यक्रम नंद वंश के लोगों के लिए अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। नंद वंश के चहुंमुखी विकास हेतु एसोसिएशन के सभी समर्पित पदाधिकारी गण

14 अक्टूबर से लेकर 21 अक्टूबर तक दौरा पर रहेंगे ।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय पदाधिकारी डॉ.सुबोध शर्मा और केएम ठाकुर ने कार्यकारिणी की बैठक में अपनी प्रमुख बातो को रखते हुए नंद युग पत्रिका के आजीवन सदस्य सहित विज्ञापन , विस्तार एवम् वितरण पर भी बात कही । वही गीतकार मृत्युंजय शर्मा ने लोक कलाकार भिखारी ठाकुर जी द्वारा रचित पियवा गैली कलकतवा ये सजनी गाकर चार चांद लगा दिया ।

यह बैठक अविनाश दत्ता जी के निजी आवास पर किया गया ।

बैठक में सर्व श्री योगी ठाकुर , डॉ.राजेंद्र ठाकुर ,जवाहर लाल ठाकुर ,विंदेश्वर ठाकुर,सुभाष ठाकुर ,नित्यानंद ठाकुर ,सरदार चतुर्भुज सिंह ,विजय कुमार शर्मा, श्री मती विमला कुमारी ,श्री मती सुधा कुमारी ,शिक्षिका ,संतोष कुमार ,उमेश कुमार ,नीतीश कुमार आदि सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

बैठक में शामिल लोगो ने कार्यक्रम को खूब सराहा ।धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश अध्यक्ष केएम ठाकुर ने किया ।



Telhara महाराष्ट्र में सेन समाज के सक्रिय कार्यकर्ता, नारायणी सेना प्रदेश सचिव, राजस्थान प्रभारी गोपाल lilde के पिताजी ताराचंद जी के गंगा प्रशादी कार्यक्रम पर महंत कान्हु बाबा, सेन समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष ad पुखराज जी राठोड़, प्रदेश नारायणी सेना के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत जी दिनॉड, अशोक पवार आदी मान्यवर.



Telhara विदर्भ के सेन समाज के ताराचंद जी lilde के तेरहवीं विधि कार्यक्रम में महंत कान्हु बाबा नागोबा, राष्ट्रीय सेन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ad पुखराज जी राठोड़, डॉ सुभाष जी माने, राष्ट्रीय नारायणी सेना संगठन के राष्ट्रीय सचिव गोपाल जी जायालवाल, महाराष्ट्र प्रदेश नारायणी सेना संगठन अध्यक्ष अशोक पवार khandalkar आदी मान्यवर

# पुजारी पर हमला करने वाला गिरफ्तार

**ठाणे,** ठाणे शहर के एक आश्रम में एक पुजारी पर चाकू से हमला करने के आरोप में 35 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रेट्र के मुताबिक, श्रीनगर पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक सुनील शाइन ने बताया कि घटना शुक्रवार दोपहर शहर के रामनगर इलाके में स्थित आश्रम में हुई। नशे की हालत में आरोपित ने 63 वर्षीय पुजारी पर कथित तौर पर चाकू से हमला किया। हमले में पुजारी बाल-बाल बच गए।

अधिकारी ने कहा कि उस समय आश्रम में मौजूद एक व्यक्ति ने आरोपित से चाकू छीन लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी नशे में था और उसने आश्रम पर पथराव किया। पुजारी ने जब उससे इस बारे में पूछा तो उसने उस पर चाकू से हमला कर दिया।




यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं. १३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादक: छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com